श्री श्याम खाटू वाला,
गल में वैजन्ती माला,
माया निराली कैसी शान,
दानी दयालु बाबा श्याम,
देवो में देव निराला,
पांडव कुल का उजियाला,
देवो में देव निराला,
पांडव कुल का उजियाला,
आओ शरण में धरलो ध्यान,
माँग लो जो चाहे वरदान।।

तर्ज कजरा मोहब्बत वाला।

सच्चा दरबार है तेरा,
दानी दातार बाबा,
नैया भवर से तेरी,
कर देगा पार बाबा,
अपने भक्तो को दिल से,
करता है प्यार बाबा,
झूठा संसार है सारा,
मेरा श्री श्याम सहारा,
कर देगा मुश्किल आसान,
दानी दयालु बाबा श्याम।।

श्रद्धा के फूल चढ़ा ले,

चरणों में शीश झुका ले,
श्याम ना धन के भूखे,
भक्ति रस भगत पिला ले,
मैहर कर टेर सुनेंगे,
सोई किस्मत जगा ले,
मन में छल कपट मिटा ले,
प्रेम की ज्योत जगा ले,
करना कभी ना अभिमान,
दानी दयालु मेरा श्याम।।

दर पर अरदास कर ले,
मन में विश्वास कर ले,
कट जावे लख चौरासी,
पापो का नाश कर ले,
ॐ श्री श्याम नाम का,
सुमिरन अभ्यास कर ले,
घट पट में श्याम बसाले,
जीवन को सफल बना ले,
सतसंग है गंगा अस्नान,
दानी दयालु बाबा श्याम।।

जिस घर में जलती ज्योति,
उस घर का संकट खोती,
गम को खुशी में बदले,
सारे पापो को धोती,
ऐसा दयालु बाबा,
बिन मांगे देता मोती,
तेरी तक़दीर बना दे,

लखेया बलवीर बना दे,
कृष्ण तू कर ले गुणगान,
दानी दयालु बाबा श्याम।।

श्री श्याम खाटू वाला,
गल में वैजन्ती माला,
माया निराली कैसी शान,
दानी दयालु बाबा श्याम,
देवो में देव निराला,
पांडव कुल का उजियाला,
देवो में देव निराला,
पांडव कुल का उजियाला,
आओ शरण में धरलो ध्यान,
माँग लो जो चाहे वरदान।।

Singer : Lakkha Ji

Source:
https://www.bharattemples.com/shri-shyam-khatu-wala-gal-me-vejanti-mala/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw